Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

अध्याय - 3 | निजी, सार्वजनिक एवं भूमंडलीय उपक्रम

QUIZ PART-02

1. **वैधानिक निगम की स्थापना किसके द्वारा की जाती है?**
   A. राज्य सरकार
   B. निजी संस्था
   C. संसद के विशेष अधिनियम द्वारा
   D. स्थानीय निकाय (C)

व्याख्या : वैधानिक निगम को बनाने के लिए संसद एक विशेष अधिनियम पारित करती है, जिसमें इसके अधिकार, कार्य तथा नियम तय होते हैं।

2. **इनमें से कौन वैधानिक निगम का उदाहरण है?**
   A. मारुति सुज़ुकी
   B. SBI
   C. अमूल
   D. बालको (B)

व्याख्या : SBI, LIC और RBI जैसे उपक्रम वैधानिक निगमों के प्रमुख उदाहरण हैं।

3. **वैधानिक निगम का अंतिम वित्तीय उत्तरदायित्व किसका होता है?**
   A. निदेशक मंडल B. ग्राहक
   C. सरकार D. कर्मचारी (C)

व्याख्या : वैधानिक निगम सरकार के स्वामित्व में होते हैं इसलिए अंतिम वित्तीय उत्तरदायित्व भी सरकार का ही होता है।

4. **वैधानिक निगम किस प्रकार की संस्था होती है?**
   A. गैर-पंजीकृत संस्था
   B. निगमित संगठन
   C. निजी उद्यम
   D. सहकारी समिति (B)

व्याख्या : यह निगमित संगठन होता है और दूसरों पर मुकदमा कर सकता है तथा अपने नाम से मुकदमा झेल सकता है।

5. **वैधानिक निगम के कर्मचारियों को किस प्रकार के कर्मचारी माना जाता है?**
   A. राज्य सेवा अधिकारी
   B. निजी कर्मचारी
   C. संविदा कर्मचारी
   D. सरकारी सेवा की सामान्य शर्तों से मुक्त कर्मचारी (D)

व्याख्या : वैधानिक निगम के कर्मचारियों पर सरकारी सेवा शर्तें लागू नहीं होतीं, उनकी सेवा शर्तें अधिनियम में निर्धारित होती हैं।

6. **वैधानिक निगम अपने वित्त की आवश्यकता कैसे पूरी करते हैं?**
   A. पूरी तरह सरकार से B. स्वयं धन जुटाकर
   C. विदेशी निवेश से D. सहकारी निधि से (B)

व्याख्या : वैधानिक निगम अपनी वित्तीय आवश्यकताओं को स्वयं पूरा करते हैं और इनका खर्च केंद्रीय बजट में शामिल नहीं होता।

7. **वैधानिक निगमों का एक प्रमुख लाभ क्या है?**
   A. सरकारी नियंत्रण से पूर्ण स्वतंत्रता
   B. कार्य संचालन में व्यापक स्वायत्तता
   C. कर्मचारी आसानी से हटाए जा सकते हैं
   D. निर्णय संसद लेती है (B)

व्याख्या : अधिनियम द्वारा दिए गए अधिकारों की सीमा के भीतर कार्य करते हुए इन्हें नीतियाँ व प्रक्रियाएँ बनाने की स्वायत्तता होती है।

8. **वैधानिक निगमों में भ्रष्टाचार फैलने का एक कारण क्या माना गया है?**
   A. निजी नियंत्रण
   B. अत्यधिक पारदर्शिता
   C. जनता से लेन-देन की आवश्यकता
   D. कर्मचारियों की कमी (C)

व्याख्या : जहाँ जनता के साथ अधिक लेन-देन होता है, वहाँ अनियंत्रित भ्रष्टाचार की संभावना बढ़ जाती है।

9. **वैधानिक निगमों की एक सीमा कौन-सी है?**
   A. पूर्ण वित्तीय स्वतंत्रता
   B. राजनीतिक हस्तक्षेप
   C. अत्यधिक लाभ
   D. निजी कर्मचारियों की नियुक्ति (B)

व्याख्या : महत्वपूर्ण निर्णयों तथा बड़े व्ययों में सरकार और राजनीति का हस्तक्षेप वैधानिक निगमों की स्वतंत्रता को सीमित कर देता है।

10. **वैधानिक निगम आर्थिक विकास का एक मूल्यवान उपकरण क्यों माने जाते हैं?**
   A. इनमें कोई नियम नहीं होता
   B. ये केवल निजी लाभ कमाते हैं
   C. ये स्वायत्त होकर अपनी योजनाएँ संचालित करते हैं
   D. सरकार इनमें निवेश नहीं करती (C)

व्याख्या : स्वायत्तता, स्वयं वित्त पोषण तथा सार्वजनिक हित के कार्यों के कारण वैधानिक निगम आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App